एक नजर में

दहेज मामले में फरार आरोपी पति गिरफ्तार

गुना। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में म्याना थाना पुलिस ने नवविवाहिता आत्महत्या मामले में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज होने के महज 24 घंटे के भीतर दहेज प्रताड़ना के आरोपी पति को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया। मामला ग्राम रीछई का है, जहाँ 24 वर्षीय प्रियंका यादव ने 10 जुलाई को जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस द्वारा दर्ज मर्ग की जांच में सामने आया कि विवाह के बाद से ही आरोपी पति मनीष यादव (30) दहेज की मांग को लेकर मृतका को लगातार प्रताड़ित कर रहा था, जिससे तंग आकर उसने यह कदम उठाया। साक्ष्यों के आधार पर 9 अगस्त को आरोपी के खिलाफ म्याना थाने में विभिन्न धाराओं और दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

निवेश के नाम पर 66 लाख की धोखाधड़ी

गुना। राघौगढ़ के साडा क्षेत्र से धोखाधड़ी की एक बड़ी वारदात सामने आई है, जहाँ एक पूर्व किराएदार ने मकान मालिक को ही अपना शिकार बना लिया। पीड़ित राणा प्रताप सिंह की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 66 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार, आरोपी प्रमोद सिंह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर जिले का रहने वाला है और साडा क्षेत्र में फरियादी के मकान में किराए पर रहता था। अप्रैल 2022 से जून 2024 के बीच आरोपी ने एनजीओ के संचालन और उसमें बड़े फायदे का झांसा देकर राणा प्रताप सिंह का विश्वास हासिल किया। फरियादी ने आरोपी की बातों में आकर अलग-अलग किस्तों में कुल 66 लाख रुपए की भारी-भरकम राशि उसे ट्रांसफर कर दी। काफी समय बीत जाने के बाद जब आरोपी ने न तो पैसे लौटाए और न ही वादे के मुताबिक कोई काम हुआ, तब फरियादी को अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ।

लगी सावन की झड़ी, 12 घंटे में 3 इंच झमाझम बारिश

जिले में अगले दो से तीन दिनों तक अच्छी बारिश की उम्मीद

नवभारत न्यूज

गुना 10 अगस्त का। मानसून की बेरुखी से हलकान जिले वासियों के लिए सावन का महीना बड़ी राहत लेकर आया है। गुना से रूठे बादल श्रावण मास का दूसरा सोमवार आते-आते अचानक मेहरबान हो गए हैं और क्षेत्र में झमाझम बारिश की झड़ी लग गई है।

बीते 24 घंटों में बारिश ने जिस तरह रफ्तार पकड़ी है, उसने लोगों को भीषण गर्मी और सूखे की आशंका से बड़ी राहत दी है। मौसम विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार, रविवार सुबह 8:30 बजे से सोमवार सुबह 8:30 बजे तक 24 घंटे के भीतर 131 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। इसमें सबसे खास बात यह रही कि बारिश का मुख्य जोर रात में देखा गया, जहां रविवार रात 8:30 बजे से सोमवार सुबह 8:30 बजे तक महज 12 घंटे के भीतर ही 3 इंच पानी बरस गया।

बादलों की यह मेहरबानी साफ बता रही है कि सावन का महीना बारिश के लिहाज से शानदार साबित होने वाला है। गौरतलब है कि बीते सप्ताह तक गुना के हालात काफी चिंताजनक नजर आ रहे थे और लोग बूंद-बूंद पानी को तरसते दिख रहे थे। परिस्थितियां ऐसी बनने लगी थीं मानो इस बार जिले को सूखे का सामना करना पड़ेगा। हालांकि जिले के चाचौड़ा और मधुसूदनगढ़ इलाकों में बादल पहले से ही मेहरबान बने हुए थे, लेकिन गुना मुख्य क्षेत्र बारिश के मामले में काफी पिछड़ा हुआ था। आंकड़ों के मुताबिक, गुना क्षेत्र में अब तक लगभग 350 मिमी पानी ही बरस पाया है, जो सामान्य से काफी कम है।

विशेषज्ञों की मानें तो यदि क्षेत्र को सूखे की मार से बचना है तो कम से कम 75 फीसदी बारिश का कोटा पूरा करना ही होगा, अन्यथा आने वाले दिनों में जलसंकट के हालात विकराल हो सकते हैं। ज्ञात हो कि गुना जिले की औसत वर्षा 1053 मिलीमीटर है। ऐसे में सावन की इस झड़ी से उम्मीद जगी है कि आने वाले दिनों में बारिश का यह आंकड़ा जिले के औसत कोटे को पूरा कर लेगा।

10 अगस्त तक दर्ज बारिश

भू-संसाधन प्रबंधन कार्यालय (जिला गुना) द्वारा जारी 10 अगस्त 2026 के आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष 1 जून से अब तक जिले में औसत 583.9 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है, जो सामान्य औसत वर्षा का 55.4 प्रतिशत है। 10 अगस्त को जिले में औसतन 80.3 मिमी बारिश हुई। तहसीलवार स्थिति देखें तो गुना में आज 76.2 मिमी बारिश के साथ कुल 298.6 मिमी, बमोरी में 26.0 मिमी बारिश के साथ कुल 286.6 मिमी, आरोन में 146.0 मिमी बारिश के साथ कुल 491.0 मिमी और राघौगढ़ में 112.0 मिमी बारिश के साथ कुल 570.0 मिमी बारिश दर्ज की गई है। इसके अलावा चाचौड़ा में 51.0 मिमी बारिश के साथ कुल 658.0 मिमी, कुंभराज में 76.0 मिमी बारिश के साथ कुल 820.0 मिमी तथा मकसूदनगढ़ में 75.0 मिमी बारिश दर्ज होने से यहाँ का कुल आंकड़ा 967.2 मिमी पहुंच गया है।

बीते साल 10 अगस्त तक क्या थे हाल

बीते वर्ष 2025 की बात करें तो 10 अगस्त तक जिले में औसतन 1167.0 मिमी वर्षा हो चुकी थी। बीते वर्ष इस अवधि तक तहसीलवार आंकड़े दशार्ते हैं कि गुना में 1487.7 मिमी (सामान्य औसत 1006.9 मिमी), बमोरी में 1340.6 मिमी (सामान्य औसत 1006.9 मिमी), आरोन में 919.0 मिमी (सामान्य औसत 996.0 मिमी) तथा राघौगढ़ में 1036.0 मिमी (सामान्य औसत 996.0 मिमी) बारिश दर्ज की गई थी। वहीं चाचौड़ा में 1082.0 मिमी (सामान्य औसत 900.0 मिमी), कुंभराज में 1049.0 मिमी (सामान्य औसत 900.0 मिमी) और मकसूदनगढ़ में 1249.6 मिमी (सामान्य औसत 996.0 मिमी) कुल वर्षा हो चुकी थी। इन आंकड़ों की तुलना से स्पष्ट है कि इस वर्ष जिले में बीते वर्ष 10 अगस्त तक की स्थिति के मुकाबले 583.1 मिमी कम बारिश दर्ज हुई है।

उल्लास के साथ मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस, पारंपरिक परिधानों में थिरके लोग

गुना। जिले भर में रविवार को विश्व आदिवासी दिवस पूरे उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक छटा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण अंचलों तक विविध कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें समाज के लोगों ने अपनी समृद्ध लोक परंपराओं और एकजुटता का प्रदर्शन किया।

इस दौरान एबी रोड स्थित एक निजी गार्डन में जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के बाद आदिवासी समाज के बंधुओं ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर होकर शहर के प्रमुख मार्गों से भव्य रैली निकाली। रैली के दौरान ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक लोकगीतों की धुन पर युवा और बुजुर्ग झूमते-नाचते नजर आए, जिससे पूरा शहर आदिवासी संस्कृति के रंगों में रंगा नजर आया। उधर ग्राम शिकारीपुरा में भी विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया। यहां ग्रामीणों और समाजजनों ने पारंपरिक 'लहंगे' नृत्य खेलकर खुशियां मनाईं और करीब 4 किलोमीटर लंबी रैली निकालकर अपनी संस्कृति का संदेश दिया। कार्यक्रम में एकता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डोंगर शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

समारोह की शुरूआत पूर्वजों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन के साथ की गई, जिसका कुशल मंच संचालन सूरज सहरिया ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में महात्मा गांधी सेवा आश्रम के सचिव दिलीप कुमार जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने समाज की एकजुटता, अधिकारों और संस्कृति के संरक्षण पर प्रकाश डाला।

जानलेवा हमले में युवक की मौत को पुलिस बताती रही हादसा!, दो महीने बाद एफआईआर के लिए एसपी दफ्तर पहुंचे परिजन

गुना। पुलिस की कार्यप्रणाली और संवेदनहीनता पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। दो महीने पहले नेशनल हाईवे पर हुए हमले में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई थी, लेकिन राघौगढ़ पुलिस इस मामले में एफआईआर दर्ज करने के बजाय इसे सड़क दुर्घटना करार देती रही। न्याय की आस में भटक रहे पीड़ित परिजन सोमवार को एसपी कार्यालय पहुंचे और शिकायती आवेदन देकर निष्पक्ष जांच व हत्या की धाराओं में मामला दर्ज करने की गुहार लगाई। ग्राम साकोन्या निवासी पुनीत गुर्जर और उनके भाई दीनदयाल गुर्जर एक निजी कंपनी में काम करते थे, जो नल-जल योजना के तहत कार्य कर रही थी। परिजनों के अनुसार, 12 जून को नेशनल हाईवे पर स्थित एक ढाबे के पास दोनों भाइयों पर अज्ञात लोगों ने अचानक हमला कर दिया। इस हमले में पुनीत किसी तरह अपनी जान बचाकर भाग निकला, जबकि उनका भाई दीनदयाल गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए परिजनों ने दीनदयाल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे भोपाल रेफर कर दिया गया। परिजनों का आरोप है कि घटना वाले दिन जब वे जंजाली चौकी और फिर राघौगढ़ थाने पहुंचे, तो थाना प्रभारी ने संवेदनहीन रवैया अपनाते हुए कहा कि 'पहले मरीज को थाने लेकर आओ, तब रिपोर्ट दर्ज होगी।' भोपाल के एक निजी अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझते हुए 15 जून को दीनदयाल ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही आक्रोशित परिजनों ने 15 जून की रात जंजाली चौकी के सामने शव रखकर चक्काजाम कर दिया था। उस समय पुलिस अधिकारियों ने 72 घंटे में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई का लिखित आश्वासन दिया था, लेकिन दो महीने बीत जाने के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई।

12 को डाइट बजरंगगढ़ में होगी काउंसलिंग

गुना। जिले के विकासखंड स्त्रोत कार्यालयों में विकासखंड अकादमिक समन्वयक और जन शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने के लिए 12 अगस्त को डाइट बजरंगगढ़ में काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग के उच्च श्रेणी और माध्यमिक शिक्षकों की सेवाएं लेने के लिए यह प्रक्रिया प्रात: 10 बजे से शुरू होगी। प्रारंभ में पांच विकासखंडों के 23 बीएसी पदों के लिए काउंसलिंग होगी। इसके बाद 52 जनशिक्षा केंद्रों के 101 जनशिक्षक पदों पर नियुक्ति की जाएगी। हालांकि, माननीय उच्च न्यायालय में प्रकरण लंबित होने के कारण गारा में 2 और हरिपुर में 1 जनशिक्षक पद को छोड़कर यह प्रक्रिया संपन्न होगी। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त वरीयता सूची के अनुसार अभ्यर्थियों को अवसर मिलेगा। अनुपस्थिति या असहमति की स्थिति में सूची के निचले क्रम के शिक्षकों को मौका दिया जाएगा।

एफडीडीआई गुना में रक्षा बलों के प्रशिक्षणार्थियों का स्वागत

गुना। पदचिह्न डिजाइन और विकास संस्थान (एफडीडीआई), गुना में पुनर्वसन महानिदेशालय (डीजीआर) के अंतर्गत 'पादत्राण निर्माण एवं खुदरा बिक्री' (फुटवियर मैन्युफैक्चरिंग एवं रिटेलिंग) प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर भारतीय सेना के 20 और भारतीय वायुसेना के 11 सहित कुल 31 रक्षा कर्मियों के स्वागत हेतु भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्र प्रभारी जितेंद्र गुप्ता एवं प्रशिक्षणार्थियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान संस्थान की कार्यकारी निदेशक मंजू 'मन' ने ऑनलाइन जुड़कर सभी प्रतिभागियों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि रक्षा बलों का समृद्ध अनुभव और संस्थान की तकनीकी विशेषज्ञता इस प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बनाएगी। केंद्र प्रभारी जितेंद्र गुप्ता ने कहा कि पादत्राण उद्योग में उत्पादन, गुणवत्ता नियंत्रण, विपणन एवं खुदरा बिक्री के क्षेत्रों में स्वरोजगार और उद्यमिता की अपार संभावनाएं हैं। यह प्रशिक्षण प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान सभी सैन्य कर्मियों का परिचय प्राप्त कर कार्यशालाओं एवं प्रयोगशालाओं की जानकारी साझा की गई। अंत में सामूहिक छायाचित्र (ग्रुप फोटो) के बाद सभी के लिए स्वागत भोज का आयोजन किया गया।

सोमवार को खाटू श्याम मंदिर से निकली विशाल कांवड़ यात्रा

नवभारत न्यूज

कुंभराज। द्वितीय सावन सोमवार के अवसर पर सोमवार को खाटू श्याम मंदिर से विशाल कांवड़ यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रारंभ हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में कांवड़िए एवं श्रद्धालु शामिल हुए। कांवड़ यात्रा खाटू श्याम मंदिर से प्रारंभ होकर मां पार्वती नदी पहुंची, जहां कांवड़ियों ने विधि-विधान से पवित्र जल भरा। इसके बाद कांवड़िए हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष के साथ शिव मंदिर, गऊ घाट पहुंचे। यहां पवित्र कांवड़ जल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया। जलाभिषेक के बाद कांवड़ यात्रा पुन: खाटू श्याम मंदिर पहुंची। मंदिर परिसर में समस्त कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। भोजन प्रसादी के साथ ही विशाल कांवड़ यात्रा का भक्तिमय वातावरण में सफलतापूर्वक समापन हुआ। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। मार्ग में हर-हर महादेव, बोल बम और जय बाबा खाटू श्याम के जयघोष गूंजते रहे। सभी श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों का सांसद एवं नगरपरिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमलेश साहू एवं गोरव शर्मा पार्षद द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य एवं जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं, कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन, पोषण स्तर में सुधार, टीकाकरण और आंगनबाड़ी गतिविधियों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुसार अधिकारी नियमित रूप से फील्ड विजिट बढ़ाएं और स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद कर योजनाओं की वास्तविक जमीनी स्थिति का पता लगाएं।

ओमकार कॉलेज के छात्रों का डीएलएड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

गुना। ओमकार कॉलेज के विद्यार्थियों का हाल ही में माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल (मध्य प्रदेश) द्वारा घोषित किए गए डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। ओंकार महाविद्यालय में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया और महाविद्यालय की उपलब्धि में एक नया अध्याय जोड़ा है। घोषित परिणाम के अनुसार, महाविद्यालय की डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष की छात्रा मानिका शर्मा ने 92.32 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, साक्षी यादव ने 90.96 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा राशि साहू ने 90.64 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया है। इसी प्रकार अमरलता शैक्षणिक समिति द्वारा संचालित मालवा कॉलेज, बीनागंज के डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष के छात्र कृष्णपाल वर्मा ने 89.76 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, छात्र नरेंद्र वर्मा एवं विवेक साहू ने 89.28 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा दामोदर सिसौदिया ने 88.96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार सेन, संचालिका डॉ. मधु कृष्णानी एवं आनंद मंगल ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं, विद्यार्थियों ने भी अपनी इस सफलता का श्रेय महाविद्यालय द्वारा प्रदत्त सर्व-सुविधाओं तथा उच्च शिक्षित एवं प्रशिक्षित शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है।

अव्यवस्था मूसलाधार बारिश में खुले आसमान नीचे किया अंतिम संस्कार

विसोनिया में मुक्तिधाम और रास्ते को तरस रहे आदिवासी

गुना/बमोरी। एक तरफ जहां देश आजादी के अमृत काल में विकास के बड़े-बड़े दावे कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ आजादी के 78 वर्षों बाद भी गुना जिले की बमोरी तहसील के कई सहरिया बाहुल्य गांवों में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है।

ग्राम पंचायत विसोनिया के सहरिया आदिवासी टपरा से एक ऐसी ही दर्दनाक और प्रशासनिक उपेक्षा की तस्वीर सामने आई है, जहां मरघट शाला न होने के कारण लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच ग्रामीणों को खुले आसमान के नीचे ही अंतिम संस्कार करने को मजबूर होना पड़ा। ग्राम विसोनिया के सहरिया टपरा निवासी मांगीलाल सहरिया, नानू, रामकिशन और अमरसिंह सहरिया ने अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि उनके टपरा में श्मशान घाट (मरघट) तक पहुंचने के लिए कोई पक्का आम रास्ता तक नहीं है। मजबूरी में ग्रामीणों को बेहद संकीर्ण पगडंडियों के सहारे ही शव यात्रा निकालनी पड़ती है। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 6 साल पहले ग्राम पंचायत द्वारा यहां एक मरघट शाला का निर्माण कराया गया था, लेकिन घटिया निर्माण के चलते महज एक साल के भीतर ही वह पूरी तरह से नष्ट होकर धराशायी हो गई। तब से लेकर आज तक इसकी सुध किसी जिम्मेदार ने नहीं ली।

खुले आसमान के नीचे हुआ अंतिम संस्कार

इसी प्रशासनिक अनदेखी का खमियाजा ग्रामीणों को रविवार को भुगतना पड़ा, जब गांव के नथुआ सहरिया की बीमारी के चलते जिला अस्पताल में मृत्यु हो गई। सोमवार सुबह जब परिजन और ग्रामीण अंतिम संस्कार के लिए पहुंचे, तो तड़के से हो रही तेज बारिश के बीच सिर छुपाने या शव को बचाने के लिए कोई छत नसीब नहीं हुई। नतीजा यह रहा कि भीगते हुए ग्रामीणों ने खुले आसमान के नीचे ही तिरपाल और जद्दोजहद के सहारे अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की।

कॉलेज में अव्यवस्थाओं को लेकर डीएसओ ने दिया ज्ञापन

नवभारत न्यूज

गुना। ऑल इंडिया डीएसओ की कॉलेज इकाई ने गुना पीजी कॉलेज में व्याप्त विभिन्न समस्याओं और अव्यवस्थाओं को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। संगठन के छात्र नेताओं ने महाविद्यालय प्रबंधन का ध्यान विद्यार्थियों को आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों की ओर आकर्षित कराया।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया अब तक सुचारू रूप से शुरू नहीं हो सकी है, जबकि कई विषयों में दाखिले की अंतिम तिथि 14 अगस्त तय कर दी गई है। इसके अलावा, लगातार बढ़ रही छात्र-छात्राओं की संख्या को देखते हुए सभी संकायों में सीटों की संख्या बढ़ाने की भी पुरजोर मांग की गई, ताकि कोई भी योग्य विद्यार्थी शिक्षा से वंचित न रहे। साथ ही, संगठन ने नए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के मार्गदर्शन और सहायता के लिए कॉलेज परिसर में तुरंत हेल्प डेस्क स्थापित करने का आग्रह किया है, जिससे उन्हें फॉर्म भरने व प्रक्रिया समझने में सहूलियत हो सके। छात्र प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि इन मांगों का जल्द निराकरण नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पक्षकार एयू स्माल फाइनेंस बैंक गुना द्वारा, सम्भव सिंह राजपूत के हित में ऋण प्रदाय किये जाने हेतु दस्तावेज एकत्र किऐ जा रहे है, उक्त प्रक्रिया में दस्तावेज जो विक्रेता मनोज रघुवंशी पुत्र श्री राजेन्द्र रघुवंशी द्वारा, विक्रीत की भूमि प.ह.न. 27, सर्वे नं 32/3मिन, क्षेत्रफल 400 वर्गफिट वार्ड क्र. 22 त्रिलोकपुरी कालोनी के पास वाला क्षेत्र अशोकनगर जिला अशोकनगर का विक्रय किया था, जो क्रेता अजयप्रताप पुत्र श्री जगन्नाथसिंह रघुवंशी द्वारा क्रय किया गया था, जिसका दस्ता0 क्र. 1685 पुस्तक क्र. अ1/5279 दिनांक 26/06/2015 है, उक्त दस्तावेज (रजिस्ट्री) कहीं गुम हो गया हैं।
यदि किसी व्यक्ति को मिला हो तो कृपया मुझे प्रदान करें अथवा मुझसे संपर्क करें ।
उक्त दस्तावेज का इस्तेमाल कोई करे या खरीदे तो इसके लिए खरीददार स्वयं जिम्मेंदार होगा।
यदि किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो आज से सात दिवस के भीतर दस्तावेज सहित मुझ से सम्पर्क करें। समय सीमा पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सूचना कर्ता-
शलभ पारीक, एड्वोकेट
31/248 आदर्श कॉलोनी गुना
फोन-9425746155